कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक- 21.06.2025

विषय:- थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा बैटरी चोरी करने के मामले में वांछित अभियुक्त किशन गुप्ता को गिरफ्तार किया, चुराई गयी सभी 04 अदद बैटरी बरामद ।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 170/2025 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी से संबंधित वांछित अभियुक्त किशन गुप्ता पुत्र राजेन्द्र गुप्ता निवासी ग्राम पकवा बाजार छितौनी थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी को आज दिनांक 21.06.2025 को समय करीब 04.10 बजे कोटवा हरिजन बस्ती के पास लोहता वाराणसी से गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से चोरी की कुल 04 अदद बैटरी बरामद हुआ । उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना लोहता पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

किशन गुप्ता पुत्र राजेन्द्र गुप्ता निवासी ग्राम पकवा बाजार छितौनी थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी, उम्र करीब 23 वर्ष।

घटना का विवरण-

दिनांक 20.05.2025 को वादी मुकदमा ने रात्री में अपने टोटो की बैटरी एक आज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लोहता में मु0अ0सं0 145/2025 धारा 331(4)/305(ए) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत किया गया । जिसकी विवेचना उ0नि0 पवन कुमार द्वारा सम्पादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण -

अभियुक्त ने पूछताछ करने पर बताया कि मैने कल रात मे पड़ोस मे रहने वाले चाचा के टोटो से 04 बैटरी चोरी किया था, रात मे ही 03 बैटरी को ले जाकर झाड़ियो मे छिपा दिया था और एक बैटरी को ले जाकर घर में ही छिपा दिया था। आज दिन में घर पर छिपाये इसी आखिरी बैटरी को निकालकर दूसरे जगह छिपाने के लिए ले जा रहा था कि पुलिस द्वारा मुझे पकड़ लिया गया।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-

कोटवा हरिजन बस्ती के पास लोहता वाराणसी से, दिनांक 21.06.2025 को समय करीब 04.10 बजे।

बरामदगी का विवरण-

चोरी की कुल 04 अदद बैटरी बरामद ।

आपराधिक इतिहास-

1- मु0अ0सं0 170/2025 धारा 303(2),317(2) बीएनएस थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी ।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष निकिता सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी ।
2. उ0नि0 पवन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी ।
3. उ0नि0 विपिन सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी ।
4. उ0नि0 शशिकान्त मिश्रा थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी ।
4. हेका0 अब्दुल रसीद खान थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी
5. हे0का0 रविन्द्रनाथ कन्नौजिया थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी ।

सोशल मीडिया सेल

पुलिस उपायुक्त

वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।